>**<u>14.05 hrs.</u>**

**MATTERS UNDER RULE 377***

**SHRI KIRIT SOMAIYA (MUMBAI NORTH EAST): Sir, Matters under Rule 377 be treated as laid on the Table of the House.**

**MR. DEPUTY-SPEAKER: I take your constructive suggestion. As usual, for the last few days, Matters under Rule 377 are a casualty.**

**Today also, if the House agrees with me, Matters under Rule 377 are laid on the Table of the House.**

**...(*Interruptions*)**

**SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.**

**Title: Need to convert the existing rail line between Jammusar and Bharuch in Gujarat into a broad gauge line and also re-schedule the timings of trains running on this route. − Laid.**

**श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत जम्मूसर एवं भरूच के बीच एक छोटी रेलवे लाइन है, जिस पर एक रेल सेवा चल रही है, जिसका समय लोगों के लिए अनुकूल नहीं है। जम्मूसर से भरूच के लिए इसे सुबह चलाना चाहिए और भरूच से जम्मूसर को इसे शाम को चलाना चाहिए। इस समय यह सुबह भरूच से जम्मूसर और शाम को जम्मूसर से भरूच चलती है, जिससे लोगों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। इस रेलवे लाइन पर कई औद्योगिक क्षेत्र हैं। जम्मूसर के आसपास के कई गांवों में रहने वाले लोग भरूच जाने के लिए इस रेल सेवा का प्रयोग करते हैं और इस मार्ग पर यातायात का कोई साधन नहीं है, जिसके कारण लोगों को रेलवे ही में यात्रा करनी पड़ती है। अगर इस रेल मार्ग की रेलवे लाइन को छोटी लाइन से बडी लाइन में परिवर्तन हो जाये तो इस रेलवे मार्ग को राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी और इस पिछड़े इलाके में बड़ी लाइन बनने से लोगों को भरूच जाने में दिक्कत भी नहीं होगी। क्योंकि रेलवे की गति में तेजी आयेगी और रेलवे की फिरक्वयेंसी भी बढ़ेगी।

*Treated as laid on the Table.

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जममूसर से भरूच रेलवे लाइन को बडी लाइन में बदला जाये और इस मार्ग पर चल रही रेल सेवा का समय बदल कर जम्मूसर ( कावी) से सुबह भरूच की ओर और भरूच से जम्मूसर ( कावी) को शाम का समय किया जाये।